# जबतक साँसे चलेंगी मुझको दर पे बुलाना भजन लिरिक्स

जबतक साँसे चलेंगी,
मुझको दर पे बुलाना,
भूलो को तुम भूलो मेरी,
मुझे ना भूलाना,
भूलो को तुम भूलो मेरी,
मुझे ना भूलाना।bd।

तर्ज – जब तक साँसे चलेंगी।

---

तू ही है बस सहारा मेरा,
तुझसे ही है गुज़ारा मेरा,
दिल का मेरे है अरमां यही,
छूटे ना बस ये द्वारा तेरा,
जबतक साँसे चलेंगी,
मुझको दर पे बुलाना,
भूलो को तुम भूलो मेरी,
मुझे ना भूलाना।bd।

---

मेरा मुझमें तो कुछ भी नही,
जो भी है तेरी सौग़ात है,
मेरी आँखो में है जो नमी,
तेरी किरपा की बरसात है,
जब भी कभी मैं भटकूँ,
मुझको राह दिखाना,
भूलो को तुम भूलो मेरी,
मुझे ना भूलाना।bd।

---

तेरे उपकार कितने कहूँ,
उनको ना मैं चुका पाऊँगा,
माँ की ममता और बाबुल सा प्यार,
तेरा कैसे भूला पाउँगा,
मुझसे निभे ना चाहे,
पर तुम मुझको निभाना,
भूलो को तुम भूलो मेरी,
मुझे ना भूलाना।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

दर जो छुटा तुम्हारा प्रभु,
होगा कैसे गुजारा प्रभु,
‘सोनू’ कोई ना अपनायेगा,
तुमने गर जो बिसारा प्रभु,
तुझ बिन पड़े जो जीना,
वो दिन नहीं दिखाना,
भूलो को तुम भूलो मेरी,
मुझे ना भूलाना।bd।

---

जबतक साँसे चलेंगी,
मुझको दर पे बुलाना,
भूलो को तुम भूलो मेरी,
मुझे ना भूलाना,
भूलो को तुम भूलो मेरी,
मुझे ना भूलाना।bd।

**Singer – Vasundhara Sharma**

समस्त जन्माष्टमी भजन यहाँ देखें।

---